भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

पशुपालन और डेयरी विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 2689

दिनांक 09 जुलाई, 2019 के लिए प्रश्न

विषय:- किसानों की आय बढ़ाना

2689. श्री राहुल कस्वां:

क्या मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या किसानों की आय दोगुनी करने हेतु डेयरी एवं पशुपालन क्षेत्रों को प्रोत्साहित किए जाने की संभावना है;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है; और

(ग) मौजूदा वित्त वर्ष के दौरान उक्त योजना हेतु कितनी राशि आबंटित की जानी प्रस्तावित है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री

(डॉ. संजीव कुमार बालियान)

(क) और (ख) डेयरी तथा पशुपालन क्षेत्रों को बढ़ावा देने और उसके द्वारा किसानों की आय को दोगुना करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रयासों की अनुपूर्ति और सम्पूर्ति करने की दृष्टि से सरकार बोवाइन तथा जुगाली करने वाले छोटे पशुओं (भेड़ और बकरी) सूअर और कुक्कुट के उत्पादन और उत्पादकता को बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं कार्यान्वित कर रही है, नामत:

I. राष्ट्रीय गोकुल मिशन,
II. राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम,
III. राष्ट्रीय डेयरी योजना-I,
IV. डेयरी उद्यमशीलता विकास योजना,
V. डेयरी प्रसंस्करण तथा अवसंरचनरा विकास निधि,
VI. डेयरी गतिविधियों में लगी डेयरी सहकारिताओं और किसान उत्पादक संगठनों को सहायता,
VII. राष्ट्रीय पशुधन मिशन,
VIII. पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण

(ग) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान उक्त योजनाओं के लिए आबंटित निधियों का ब्यौरा निम्नानुसार है:

(करोड़ रुपये में)

क्र.सं.	**योजना**	**2019-20**
1.	राष्ट्रीय गोकुल मिशन,	302.00
2.	राष्ट्रीय डेयरी योजना -I*	0.00
3.	राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम	325.00
4.	डेयरी उद्यमशीलता विकास योजना	325.00
5.	डेयरी प्रसंस्करण तथा अवसंरचनरा विकास निधि,	58.00
6.	डेयरी गतिविधियों में लगी डेयरी सहकारिताओं और किसान उत्पादक संगठनों को सहायता	100.00
7.	राष्ट्रीय पशुधन मिशन,	480.00
8.	पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण	474.98

* वर्ष 2018-19 राष्ट्रीय डेयरी योजना-I का समाप्ति वर्ष है

***